'उत्तर प्रदेश को भारत का ग्रोथ इंजन बनने से कोई नहीं रोक सकता'

अशोक लीलैंड के शीर्ष अधिकारी विप्लव शाह से बातचीत

लखनऊ। देश की शीर्ष व्यावसायिक वाहन निर्माता कंपनियों में से एक अशोक लीलैंड ने दक्षिण भारत से निकल कर उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। लखनऊ में इलेक्ट्रिक कॉमर्शियल वाहन बनाने का प्लांट लगाने के साथ यूपी में अब हल्के कॉमर्शियल वाहनों (एलसीवी) के बाजार पर फोकस किया है।

चेन्नई से लखनऊ पहुंचे अशोक लीलैंड के एलसीवी बिजनेस के प्रमुख विप्लव शाह ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में एक तरफ एक्सप्रेसवे का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ गांव तक सड़कों का कनेक्शन हो गया है। इसका सीधा असर वाहनों की बिक्री व रोजगार पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में यूपी भारत का ग्रोथ इंजन होगा और अगले दस वर्ष में यूपी को विकसित राज्यों की श्रेणी में मौजूदगी दर्ज कराने से कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि हमने यूपी का 89 फीसदी क्षेत्र कवर कर लिया है। लखनऊ स्थित अशोक लीलैंड के प्लांट से अगले वर्ष सितंबर तक ईवी कामर्शियल वाहन बनना शुरू हो जाएंगे। ब्यूरो